साइबर सुरक्षा के लिए सर्वोच्च युक्तियां

ऑनलाइन सुरक्षित रहने में आपकी सहायता करने के लिए यहां कुछ जानकारी दी गई है।

CERT NZ एक सरकारी एजेंसी है जो ऐसे लोगों और व्यवसायों की सहायता करती है जिन्हें साइबर सुरक्षा की समस्या है।

CERT NZ विश्वसनीय जानकारी और सलाह प्रदान करता है।

हम हमेशा न्यूज़ीलैंड के लोगों को प्रभावित करने वाले साइबर खतरों की तलाश में रहते हैं।

CERT NZ न्यूज़ीलैंड को साइबर सुरक्षा के खतरों से सुरक्षित रखने में मदद करने के लिए स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अन्य साइबर सुरक्षा लोगों और संगठनों के साथ मिलकर काम करता है

/// लंबे, मजबूत और अनोखे पासवर्डों का इस्तेमाल करें

एक लंबा पासवर्ड जटिल अंकों, अक्षरों और प्रतीकों वाले पासवर्ड जितना ही मजबूत होता है।

एक लंबा पासवर्ड याद रखने का एक आसान तरीका है चार या अधिक शब्दों के वाक्य का उपयोग करना।

उदाहरण के तौर पर, popcornwithbutterisbest!1

/// पासवर्ड मैनेजर का उपयोग करें

यह महत्वपूर्ण है कि आप अपने प्रत्येक ऑनलाइन अकाउंट (खाते) के लिए एक अलग पासवर्ड का उपयोग करें। इसका मतलब है कि याद रखने के लिए बहुत सारे पासवर्ड!

इसमें एक "पासवर्ड मैनेजर" मदद कर सकता है।

यह एक ऑनलाइन तिजोरी की तरह है जिसकी चाबी केवल आपके पास होती है। यह आपके सभी पासवर्डों को आपके लिए सुरक्षित रूप से संग्रहीत (जमा) करता है।

आपको अपने पासवर्ड मैनेजर के लिए केवल एक मजबूत पासवर्ड याद रखना होगा, और बाकी काम यह करेगा!

Te Kāwanatanga o Aotearoa
New Zealand Government

/// टू फैक्टर (दो चरणों) वाला प्रमाणीकरण चालू करें

दो-चरणों का प्रमाणीकरण (2FA) आपके खातों के लिए सुरक्षा की एक अतिरिक्त परत है।

इसका मतलब होता है कि आप लॉग इन करने के बाद एक अतिरिक्त कदम उठाते हैं, जैसे कि आपके फोन पर किसी ऐप से दिए गए कोड को दर्ज करना।

आप अपने फोन, टैबलेट (कम्प्यूटर), ऐप्स और खातों पर 2FA का उपयोग कर सकते हैं।

आपको आमतौर पर इसे ऐप या खाते की प्राइवेसी (गोपनीयता) सेटिंग में चालू करने का विकल्प मिलेगा।

/// अपनी डिवाइसों (उपकरणों) को अपडेट करें

जब आपको अपने उपकरण (जैसे कि फोन, कंप्यूटर, टैबलेट) को 'अपडेट' करने के लिए अलर्ट (चेतावनी) मिलता है तो इसे अनदेखा न करें – उसे जल्द से जल्द इंस्टॉल (स्थापित) करें।

अपडेट किसी भी सुरक्षा कमजोरी को ठीक करते हैं। सॉफ्टवेयर को अपडेट करना हमलावरों को आपकी जानकारी तक पहुंचने में इन कमजोरियों का उपयोग करने से रोकता है।

जब भी कोई नया संस्करण उपलब्ध हो, स्वचालित रूप से अपडेट होने के लिए सैट करें। इस तरह, आपको इसके बारे में सोचने की ज़रूरत नहीं है!

/// अपनी गोपनीयता की जाँच करें

जाँच करें कि आप अपने बारे में कितनी व्यक्तिगत जानकारी ऑनलाइन साझा कर रहे हैं, और आप इसे किसके साथ साझा कर रहे हैं।

हमलावर आपके द्वारा ऑनलाइन साझा की गई जानकारी का उपयोग आपके डेटा (आँकड़ों) तक पहुंचने या आपकी पहचान को चुराने के लिए कर सकते हैं।

अपना विवरण साझा करने से पहले जाँच लें कि व्यक्तिगत जानकारी के लिए कोई भी अनुरोध वैध है या नहीं।

अगर कोई कंपनी या व्यवसाय आपसे जानकारी मांगते हैं, तो विचार करें कि उन्हें इस जानकारी की जरूरत क्यों हो सकती है।

अगर आप इस बारे में निश्चित नहीं हैं, तो जानकारी मत दीजिए।

/// इसकी रिपोर्ट करें

अगर आप, आपका मित्र, या आपका व्यवसाय किसी ऑनलाइन घटना का अनुभव करते हैं, तो इसकी रिपोर्ट CERT NZ को करें **www.cert.govt.nz**

सूचना सुरक्षा घटना की रिपोर्ट करने के लिए, पर जाएँ
www.cert.govt.nz